तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 19.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, रविवार 8 दिसंबर 2024





13 नशा मुक्ति दिवस पर निकाली रैली...



14 मनवा कुर्मी समाज की कार्यकारिणी घोषित




## खबर संक्षेप

### सुमाभाटा में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका



**भाटापारा।** नगर से लगे ग्रामीण क्षेत्र सुमाभाटा क्षेत्र में एक युवक का शव ग्रामीणों ने देखा। इसकी सूचना तत्काल ग्रामीण थाना भाटापारा में दी गई। जानकारी लेने पर ग्रामीण पुलिस ने मृतक की पहचान देवरी निवासी राजेन्द्र वर्मा बताया है। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है व प्रथम दृष्टया जांच प्रारंभ कर मामला पंजीबद्ध किया गया है। ग्रामीण थाना प्रभारी से मिली जानकारी अनुसार मृतक मिल में चौकीदार का काम करता था उसके के सिर पर गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका प्रथम दृष्टया में जताई जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना की स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

### दो लोगों से करीब 30 किलो गांजा जब्त

**महासमुंद।** खल्लारी पुलिस ने ओडिशा की ओर से बाइक में आ रहे दो लोगों के कब्जे से करीब 30 किलो गांजा जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ मामले नारकोटिक एक्ट की धारा 20 बी के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक काले रंग के पल्सर मोटर सायकल क्र. ओडी26बी2760 में दो व्यक्ति गांजा रखकर ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे हैं। इसके बाद उन्हें रोककर पूछताछ की गई। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम मानव भोई पिता गजेंद्र भोई (24 वर्ष) निवासी कांडेतरा थाना कोमना जिला नुआपड़ा और दुष्मंत बाघ पिता धुरंधर बाघ (25 वर्ष) कांडेतरा थाना कोमना जिला नुआपड़ा ओडिशा का होना बताया। तलाशी के दौरान आरोपियों के बैग से 16 पैकेट गांजा वजनी 29.09 किलो ग्राम बरामद किया गया।

### कार्यालय उद्घाटन में शामिल होंगे टेकाम

**महासमुंद।** अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ छत्तीसगढ़ के जिला कार्यालय, बीटीआई रोड बूढ़ादेव भवन के पास स्थित, का उद्घाटन 8 दिसंबर को 11 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष गोंडवाना गोंड समाज व केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, प्रदेशाध्यक्ष छत्तीसगढ अनुसूचित जनजातीय शासकीय सेवक विकास संघ छत्तीसगढ आरएन ध्रुव शामिल होंगे।

# श्री पंचमी पर सीता विवाहोत्सव आयोजित, श्रीराम की निकाली बारात


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सनातन धर्म में विवाह पंचमी का विशेष महत्व है। श्रीराम कथा में वर्णित है कि अयोध्या से बारात जनकपुरी ले जाई गई थी। इसमें दूल्हा के स्वरूप में श्रीराम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुहन के अलावा अन्य बारातियों में वशिष्ठ, विस्वामित्र व समूचे अयोध्या के नागरिक शामिल हुए थे। बारात की इसी परंपरा को निभाते हुए नगर के मानस संघ द्वारा अगहन शुक्ल पक्ष की पंचमी पर शुक्रवार को गांधी चौक स्थित श्रीरामजानकी मंदिर में विवाह पंचमी महोत्सव धूमधाम से मनाई गई।

मानस संघ द्वारा आयोजित विवाह में ढोल बाजे, रंगीन लाइट तथा फटाखों व बाजे–गाजे के साथ शाम 7 बजे श्रीराम की बारात खुले वाहन को फूल, छत्र आदि से सजाकर निकाली गई जो बजरंग चौक से होते हुए सदर रोड, नेहरू चौक, गांधी चौक से होते हुए रात 10 बजे वापस रामजनकी मंदिर पहुंची। इस विवाह समारोह में महिलाओं ने मंगल सामग्री अर्पित कर सुखी वैवाहिक जीवन के लिए आशीष भी मांगा। कार्यक्रम के आयोजक प्रमुख जग्गू केशरवानी, दिलीप भट्टर, राजू केशरवानी, डीपी श्रीवास्तव, सूरज सोनी, शिवशंकर सोनी, वेदप्रकाश अवस्थी, विनय गुप्ता, आदित्य सोनी, अनिल सोनी, अभिषेक तिवारी, सालिन साहू, आलोक अग्रवाल ने बताया

▶▶ शेष पेज 13 पर

## ढोल बाजे, रंगीन लाइट और फटाखों से गूंजा शहर





### बारातियों का स्वागत जगह–जगह हुआ

बारात के दौरान भगवान श्रीराम तथा माता जानकी के रूप में तैयार बच्चों का जगह–जगह स्वागत किया गया। इस दौरान भाटापारा के विन्दु सतसंगमण्डल द्वारा दीपक केसरवानी, मोहन लाल केसरवानी, बाके केसरवानी के मार्गदर्शन में बारातियों के रूप में शानदार भजनों की प्रस्तुति दी गयी। रामजी की निकली सवारी, रघुपति राघव राजाराम के गायन और हरे राम हरे राम के धुन ने लोगों को नृत्य करने के लिए विवश कर दिया। बारात में सैकड़ों की संख्या में नगरवासी नाचते–गाते जा रहे थे। इस मौके पर भगवान राम और सीता के विवाह समारोह में मंगल गीत गूंजे। मानस मंदिर वापस आकर हिन्दू रीति–रिवाज के अनुसार बारातियों के जोरदार स्वागत के बाद जलपान का रिवाज पूरा किया गया।

# क्षेत्र में विकास कार्य मेरी पहली प्राथमिकता : विधायक इंद्र साव


## विधायक ने एक साल का कार्यकाल पूर्ण होने पर गिनायी उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

विधायक इंद्र साव ने अपने 1 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर क्षेत्र की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपनी सभी सभाओं में क्षेत्र मतदाता को विश्वास दिलाया कि उनके क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में इसका प्रत्यक्ष प्रमाण भी आप सभी के सामने दिखने लगेगा।विधायक इंद्र साव पिछले एक पखवाड़े से लगातार भाटापारा और सिमगा विकासखंड के विभिन्न विकास कार्यों के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन कर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित कर रहे हैं।

विधायक इंद्र साव पिछले लगभग 15 दिनों से लगातार अपने क्षेत्र की जनता की मांगों को पूरा करने भाटापारा और सिमगा ब्लाक के दर्जनों गांव पहुंच कर विकासकार्यों का भूमि पूजन कर रहे हैं। जानकारी अनुसार विधायक साव अपने विधानसभा क्षेत्र की जनता की मांगों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उनकी मांगों को ना केवल पूरा कर रहे हैं, बल्कि गांव के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहरा रहे हैं।विधायक श्री साव का कहना है कि जब तक गांव का विकास नहीं होगा तो शहर का विकास कैसे होगा, गांव की जनता ही शहर के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाती आ रही है। आज गांव की सड़कों, सामुदायिक भवन का निर्माण, रंगमंच का निर्माण, नालियों का निर्माण जैसे प्राथमिक कार्य ही विकास की गाथा की प्रारंभिक पूंजी है। विधायक इंद्र साव भी करोड़ों

▶▶ शेष पेज 13 पर



### ढोल नगाड़े के साथ किया स्वागत

इसके पूर्व विधायक इंद्र का सभी गांव में विकासकार्यों का भूमि पूजन करने पहुंचने पर ग्रामीणों ने परंपरागत से उनका ढोल नगाड़े के साथ स्वागत किया। इस दौरान उनके साथ क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, कांग्रेस पदाधिकारी गण गांव के सरपंच, उपसरपंच, पंचगण और ग्रामवासी उपस्थित रहते थे।

# साहू समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शहर के कलेक्टोरेट रोड स्थित साहू छात्रवास भवन में जिला साहू संघ की ओर से युवक–युवती परिचय सम्मेलन व साहू स्मारिका पत्रिका विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम अरुण साव होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहू समाज के प्रदेशाध्यक्ष टहल सिंह साहू करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि विधायक संदीप साहू, विधायक इंद्र साव समेत समाज के तमाम लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे। परिचय सम्मेलन में समाज की 266 युवती व 134 युवक शामिल होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे से साहू छात्रवास भवन में होगी। दोपहर 12 बजे मुख्य अतिथि के आगमन के बाद संत माता कर्मा की पूजा आरती की जाएगी। मुख्य अतिथि द्वारा समाज के वरिष्ठ जनों व उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के अगली कड़ी में जिला साहू संघ बलौदाबाजार–भाटापारा द्वारा प्रकाशित पत्रिका साहू स्मारिका के छठवें संस्करण का विमोचन किया जाएगा। इसके बाद प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 400 से अधिक युवक–युवतियों का परिचय सम्मेलन होगा। कार्यक्रम में रायपुर की लोक कलाकार पायल साहू की प्रस्तुति भी देखने को मिलेगी।



- डिप्टी सीएम अरुण साव होंगे शामिल
- कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि विधायक संदीप साहू, विधायक इंद्र साव होंगे

## रंगोली की शानदार प्रस्तुति...



**सिमगा।** उड़ीसा पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कला उत्सव में मनहरण साहू छत्तीसगढ़ी रंगोली दुलदुला लोकमंच द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इसमें देश–विदेश के कलाकारों द्वारा शानदार प्रस्तुति से उत्सव में और रौनक बढ़ गई। साहू ने बताया कि उन्हें कम उम्र में ही राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ लोक संस्कृति की प्रस्तुति देने का अवसर प्राप्त हुआ तथा 1100 से अधिक रंग मंचों में सफलतापूर्वक प्रस्तुति के साथ राज्य के बाहर मध्यप्रदेश अनूपपुर, पुष्पराजगढ़ उड़ीसा पूरी कोणार्क वाराणसी सावन झूला महाराष्ट्र गोंदिया गणेश उत्सव में प्रस्तुति देने के बाद अभी वर्तमान में ऑडियो वीडियो यूट्यूब के माध्यम से छत्तीसगढ़ी गीत करमा के ताल, मैं छानी बन जाते, जब ले देखे मौला हंस के खूब सराहा जा रहा है।

### अस्पताल जा रहा युवक दुर्घटना में घायल

**महासमुंद।** सायकल से जिला अस्पताल जा रहे एक व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने ठोकर मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने बताया कि वार्ड 3 निवासी चमनलाल साहू 4 दिसंबर को अपने सायकल से दवाई लेने जिला अस्पताल महासमुंद जा रहे थे, जैसे ही वह प्रीमियम शराब दुकान के सामने करीब 11 से 11.30 बजे के बीच पहुंचे थे कि उसी समय पीछे से आ रही अज्ञात पिकअप वाहन के चालक अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते लाकर पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया।

## छात्रों ने जाना नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकसान



**खरोरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरडीह में मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम हुआ। शाला प्रमुख मनहरण वर्मा एवं शिक्षक विशेषर वर्मा ने बच्चों को बताया कि नशीले पदार्थ जैसे तंबाखू, बीड़ी, सिगरेट, गांजा और शराब का सेवन मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। इसके कारण शारीरिक, मानसिक, व्यावहारिक और आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। अतः हमें नशीले पदार्थों का सेवन नहीं करना चाहिए।







## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468





खबर संक्षेप



## श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए विष्णु

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शुक्रवार को राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर परिसर के महर्षि वाल्मीकि उत्सव मंडप में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री साय ने व्यास पीठ पर विराजमान आचार्य पवन नन्दन जी द्वारा कही जा रही श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने आचार्य पवन नन्दन जी से आशीर्वाद ग्रहण किया और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उल्लेखनीय है कि श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन श्रीराम मंदिर परिसर में 02 दिसंबर से 08 दिसंबर तक किया जा रहा है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, कथा के आयोजकों सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

## संविधान के कारण दबे-कुचले समाज को मिल रहा है महत्व



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संगठन ने संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि विभिन्न स्थानों पर मनाई। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और कहा, बाबा साहब के लिखे गए संविधान के कारण ही हमारा दबा-कुचला समाज आगे बढ़ रहा है तथा अपनी पहचान बना रहा है। इसी से समाज के मुखिया को प्रतिनिधित्व देने के लिए राजनीतिक दल मजबूर हैं। हमारे समाज में तेजी से जागृति आ रही है, यही वजह है कि देश के प्रधानमंत्री पिछड़ा वर्ग से हैं और मुख्यमंत्री आदिवासी वर्ग से हैं। इस अवसर पर विभिन्न समाज के मुखिया और महिला प्रतिनिधि उपस्थित रहे, इनमें शहर जिला धोबी समाज के अध्यक्ष वरुण निर्मलकर, डॉ. एलपी बनर्जी, देवचरण साहू, ललित साहू, छत्तीसगढ़ तर्कशील परिषद की अध्यक्ष कविता मानिकपुरी समेत अनेक दिग्गज नेता शामिल हुए और पिछड़ा जगाओ अभियान राज्यभर में चलाने का आव्हान किया।

## पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 8 को

**धमतरी।** छग पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 8 दिसम्बर रविवार को दोपहर 2 बजे से कर्मचारी भवन धमतरी में आयोजित है। बैठक में नये सदस्यों का स्वागत, संघ के सदस्यों का जन्मदिन एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की जायेगी। संघ के सदस्यों से उपस्थिति का आग्रह कृपाशंकर मिश्रा, राजेन्द्र चन्द्राकर, राजकुमार मिश्रा, कृष्णाराम साहू, होलाराम परिहा, यशकरण सिंह गजेन्द्र, गणेशराव पवार, बलवंत डॉ. भारती राव, एसआर नेले एवं हनुमान सिंह वर्मा ने किया है।

# बांड पोस्टिंग के साथ फिर गरमाया पीजी स्टाइपेंड से कम वेतन मिलने का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

चिकित्सा विशेषज्ञों का स्वास्थ्य केंद्रों में बांड पोस्टिंग के आर्डर जारी होने के बीच एक बार फिर कम वेतन का मामला गरमाने लगा है। बांडेड डाक्टरों ने तर्क दिया है कि उन्हें पीजी अंतिम वर्ष के दौरान 74600 छात्रवृति मिलती है और अनुबंध सेवा के दौरान 69000 रुपए वेतन दिया जाता है। इस वेतन विसंगति को दूर करने के लिए उनके द्वारा स्वास्थ्य एवं वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव से मुलाकात की गई है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा हाल ही में बड़ी संख्या में चिकित्सा विशेषज्ञों की नियुक्ति की गई है, जिसके साथ ही वेतन का मामला फिर सामने आ गया है। स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पताल में नियुक्त किए डाक्टरों ने छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन के नेतृत्व में स्वास्थ एवं वित्त विभाग के अधिकारियों से मिलकर वेतन विसंगति में सुधार किए जाने की मांग की है।

उन्होंने तर्क दिया है पिछले साल वृद्धि किए जाने के बाद तृतीय वर्ष के छात्रों 74600, द्वितीय वर्ष के दौरान 72 हजार और प्रथम वर्ष में 69 हजार स्टाइपेंड मिलता है। पढ़ाई पूरी करने के बाद जब उनकी नियुक्ति दो साल की बांड अवधि के दौरान हेल्थ सेंटरों में होती है, तो उन्हें फर्स्ट ईयर की तरह 69 हजार रुपए वेतन दिया जाता है, को विसंगति है। उन्होंने अधिकारियों से इस बारे में हस्तक्षेप करने की मांग की है।

### अंतिम वर्ष की छात्रवृति 74600, बांडेड का मानदेय 69000

**एमपी, ओडिशा, महाराष्ट्र का हवाला**

सौंपे गए ज्ञापन में डाक्टरों ने मध्यप्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र के सिस्टम का हवाला देकर पीजी डाक्टर के स्टाइपेंड और अनुबंधित चिकित्सकों की सैलरी में हर वर्ष वृद्धि किए जाने की मांग की है। वेतन वृद्धि के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक को आधार बनाने का जिक्र है। तर्क दिया गया है कि ऐसा करने से प्रदेश में डाक्टरों के बीच पनपने वाला असंतोष दूर हो जाएगा।




*2019 में नहीं बढ़ा : डाक्टर फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह लोधी ने बताया कि वर्ष 2019 में विद्यार्थियों के स्टाइपेंड में वृद्धि हुई मगर बांडेड डाक्टरों का वेतन नहीं बढ़ाया गया था। इसकी वजह से तृतीय वर्ष की पढ़ाई के दौरान बांड सेवा की तुलना में छात्रवृति की राशि अधिक मिलने लगी। इस वेतन विसंगति को दूर करने की कई बार मांग की जा चुकी है मगर अब तक इसके लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है।*

### अक्टूबर के त्योहारी सीजन का भी रिकॉर्ड टूटा

# इतिहास में पहली बार प्रदेश में एक ही माह नवंबर में बिके एक लाख से ज्यादा वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

प्रदेश में ऑटोमोबाइल सेक्टर में नवंबर ने एक ऐसा इतिहास रच दिया है जैसा पहले कभी नहीं हुआ। इस एक माह में रिकॉर्डतोड़ एक लाख से ज्यादा वाहन बिके हैं। इसके पहले कभी इतने वाहन एक माह में नहीं बिके। बीते साल नवंबर में त्योहारी सीजन होने के कारण रिकॉर्ड 91 हजार वाहन बिके थे। नवंबर में इस बार त्योहारी सीजन भी नहीं था, उसके बाद भी रिकॉर्ड वाहन बिके। अक्टूबर में एक साथ नवरात्रि, पुष्य नक्षत्र, धनतेरस और दीपावली सभी एक ही माह में होने के कारण इस माह रिकॉर्ड 63 फीसदी वाहन ज्यादा बिके हैं और इसका आंकड़ा 85 हजार के करीब रहा, लेकिन इस रिकॉर्ड को तोड़ते हुए नवंबर ने एक नया ही इतिहास रच दिया। इसके पीछे एक बड़ा कारण किसानों के पास धान खरीदी का पैसा आना भी है।

अपने प्रदेश में वाहनों की बिक्री लगातार बढ़ रही है। इस साल नए साल के प्रारंभ से ही बिक्री ने रिकॉर्ड बनाने का क्रम प्रारंभ किया है। पहले माह जनवरी में ही 23.63 फीसदी वाहन ज्यादा बिके। बीते साल जनवरी में 46472 वाहन बिके थे, जबकि इस साल 57455 वाहन बिके। इसके बाद फरवरी में बीते साल के 41754 वाहनों के मुकाबले इस फरवरी में 53614 वाहन बिके जो बीते साल से 28.40 फीसदी ज्यादा हैं। मार्च में इस बार 59546 वाहन बिके, जबकि बीते साल 45548 वाहन बिके थे। इस साल 30.73 प्रतिशत की ग्रोथ रही। अप्रैल से नए सत्र का आगाज हुआ तो इस माह भी ग्रोथ जारी रही। अप्रैल में तो बीते तीन माह से ज्यादा 46.37 फीसदी वाहन ज्यादा बिके। बीते साल 39983 वाहन बिके थे, जबकि इस अप्रैल 58522 वाहन बिके। मई में 56115 वाहन बिके जबकि बीते साल 39462 वाहन बिके थे। इस माह 42.20 फीसदी की ग्रोथ रही। जून में मई के मुकाबले कम वाहन बिके, लेकिन ये बीते साल से 28.76 फीसदी ज्यादा रहे। बीते साल जून में जहां 42080 वाहन बिके थे, वहीं इस साल 54182 वाहन बिके। जुलाई में जून से ज्यादा ग्रोथ रही। इस माह ग्रोथ बीते साल से 38.54 फीसदी ज्यादा रही। बीते साल जुलाई में 40149 वाहन बिके थे। इस साल 55622 वाहन बिके। अगस्त में जुलाई के मुकाबले ग्रोथ कम हो गई। लेकिन फिर भी यह बीते साल से 20.25 फीसदी ज्यादा रही। बीते साल अगस्त में 39331 वाहन बिके थे, इस साल 47297 वाहन बिके। सितंबर का माह ही एक ऐसा माह है जिसमें बीते साल से 4.45 फीसदी वाहन कम बिके। इसके पीछे का कारण यह रहा कि इस माह पितृ पक्ष होने के कारण लोगों ने वाहन कम खरीदे।

### नवंबर ने रचा इतिहास

अक्टूबर का माह आटोमोबाइल सेक्टर के लिए सबसे ज्यादा अच्छा रहा। इस एक ही माह में नवरात्रि, पुष्य नक्षत्र और धनतेरस होने के कारण सबसे ज्यादा वाहन बिके। बीते साल दीपावली नवंबर में होने के कारण अक्टूबर में कम वाहन बिके थे और नवंबर में ज्यादा वाहन बिके थे। बीते साल अक्टूबर में 52070 वाहन बिके थे, जबकि इस साल 84839 वाहन बिके। अक्टूबर का रिकॉर्ड नवंबर में टूट गया। इस माह रिकॉर्ड एक लाख आठ वाहन बिके हैं। इसमें सबसे ज्यादा 86552 बाइक बिकी है। इसके बाद 3626 ट्रैक्टर बिके हैं। कारों की बिक्री तीसरे नंबर पर रही। कारें 3503 बिकी हैं। बिक्री के मामले में राजधानी रायपुर हमेशा की तरह पहले नंबर पर है। यहां पर सबसे ज्यादा 15196 वाहन बिके हैं। दूसरा नंबर रायगढ़ का है यहां पर 7583 वाहन बिके। तीसरे नंबर पर जांजगीर चांपा है जहां पर 6492 वाहन बिके हैं।



**एक माह में इतने वाहन पहली बार बिके**

एक माह इतने ज्यादा वाहन बिकने का पंजीयन पहली बार हुआ है। इसके पहले एक ही माह में कभी भी एक लाख वाहन नहीं बिके हैं।

- **विवेक गर्ग**, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ फाडा

# बिना व्यवस्था तूता में धरना प्रदर्शन को मंजूरी, पेयजल के लिए तरस रहे प्रदर्शनकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



नया रायपुर के ग्राम तूता धरना स्थल पर पेयजल की अब तक कोई व्यवस्था नहीं की गई है, जिसके कारण यहां धरना-प्रदर्शन करने वाले लोगों को पेयजल की एक-एक बूंद के लिए तरसना पड़ रहा है।

प्रशासन ने तूता में पानी की व्यवस्था तो की ही है, लेकिन पीने का पानी की अब तक कोई व्यवस्था नहीं की है, जिसके कारण प्रदर्शनकारी सुबह से शाम तक प्यासे रहकर प्रदर्शन कर रहे हैं या फिर दुकान से पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। तूता में पिछले चार दिन से अपनी मांगों को लेकर प्रदेशभर के नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हुए हैं, जो पेजयल के लिए तरस रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने शुक्रवार को अपनी मूल मांगों के साथ पेजयल की मांग को लेकर निगम मुख्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने महापौर व निगम आयुक्त के नाम पर निगम अधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा।

***हड़ताल से निगम की व्यवस्थाएं चरमराई, आम लोग परेशान***

*प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल का असर अब राजधानी रायपुर में भी पड़ने लगा है। कर्मचारियों के काम पर नहीं लौटने से मूलभूत सुविधाएं प्रभावित होने लगी है, जिसके कारण आम लोग भी परेशान हो रहे हैं। हड़ताल के कारण घर-घर से कचरा लेने पहुंचने वाली गाड़ियों से लेकर अतिक्रमण तोड़ने, सरकारी संपत्तियों पर लगे अवैध बैनर-पोस्टरों को हटाने, ठेला-गुमटी हटाने की कार्रवाई भी थम सी गई है। इसके साथ ही साफ-सफाई व्यवस्था भी चरमरा गई है, जिसके कारण शहर के अनेकों वार्डों में सड़कों से लेकर नुक्कड़ों, खाली मैदानों एवं नाली-नालों के पास गंदगी का नजारा देखने को मिल रहा है।*

**नियमित सफाई कर्मचारियों के समर्थन से निगम की बढ़ी परेशानी**

प्लेसमेंट कर्मचारियों के समर्थन में निगम के कई नियमित सफाई कर्मचारी भी हड़ताल पर हैं। इसके कारण शहर की सफाई व्यवस्था भी चरमाने लगी है। हालांकि इस हड़ताल से दिल्ली की रामकी कंपनी से जुड़े कर्मचारी हड़ताल पर नहीं हैं। शहर में अभी इस कंपनी के कर्मचारी ही सफाई व्यवस्था का काम संभाले हुए हैं, लेकिन इनकी संख्या भी वार्डों में कम देखी जा रही है। इसके कारण वार्ड में नियमित रूप से सफाई फिलहाल नहीं हो पा रही है।

# डामरीकरण हुए कुछ दिन ही बीते, बिजली केबल बिछाने फिर खोद दी सड़क, परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी रायपुर में पुलिस लाइन से आगे चांदनी चौक से लेकर बूढ़ेश्वर चौक तक की सड़क पर डामरीकरण कर इसका नवीनीकरण किया गया। नवीनीकरण के कुछ दिन बाद ही इस सड़क को फिर खोद दिया गया है। जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव ने बताया कि सड़क पर विद्युत लाइटें लगाई जानी हैं, जिसके लिए केबल बिछाने का काम होना है। इसी के लिए सड़क की खुदाई की जा रही है। यह खुदाई जरूर केबल बिछाने के लिए की जा रही है, लेकिन गौर करने वाली बात यह है कि यह काम डामरीकरण होने के बाद किया जा रहा है, जबकि यह कार्य पहले से प्रस्तावित था। ऐसे में डामरीकरण होने से पहले यह काम पूर्ण होना था, लेकिन अफसरों की लापरवाही के कारण अब कुछ दिन पूर्व बनाई गई नई सड़क को खोदकर फिर खराब किया जा रहा है।

- **गौर करने वाली बात यह है कि यह काम डामरीकरण होने के बाद किया जा रहा**

राजधानी रायपुर में शासकीय पैसों का किस तरह से बर्बाद किया जाता है। यह तो नगर निगम और लोक निर्माण विभाग द्वारा डामरीकरण का किए गए कार्य उजागर करते हैं। शहर में बूढ़ातालाब के श्मशान घाट तरफ की सड़क को सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इसके लिए सड़क में कुछ दिनों पूर्व ही डामरीकरण का कार्य किया गया था। यह कार्य पूर्ण होने के बाद सड़क को सुंदर बनाने के लिए सड़क के किनारों को सफेद रंग से पेंट की पट्टी बनाई गई है। इसका काम पूर्ण होने के तुरंत बाद अब सड़क के एक तरफ फिर केबल बिछाने के लिए खुदाई की जा रही है। अफसरों से जानकारी मिली कि यहां विद्युत लाइटें लगाई जाएगी,लेकिन केबल बिछाने के लिए नई हो चुकी सड़क को फिर खोदा जा रहा है, जिससे इसकी सुंदरता फिर खराब हो रही है।

**डामरीकरण के 24 घंटे बाद सिविल लाईन में भी खोद दी गई नई सड़क**

शहर में यह पहला मामला नहीं है, जिसमें डामरीकरण होने के बाद नई सड़क को खोद दिया गया हो। इससे पूर्व भी करीब सालभर पहले सिविल लाईन क्षेत्र में न्यू सर्किट हाउस के पीछे वाली सड़क का डामरीकरण का कार्य को 24 घंटे ही बीते थे, कि उस सड़क को पाइप लाइन बिछाने के लिए दोबारा खोद दिया गया था। इस सड़क पर डामरीकरण का कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा किया गया था।

## पवार क्षत्रिय महासंघ की महिला कार्यकारिणी का हुआ गठन



**रायपुर।** अखिल भारतीय पवार क्षत्रिय महासंघ महिला प्रदेश कार्यकारिणी छत्तीसगढ़ का गठन किया गया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विशाल बिसेन के मार्गदर्शन और मा. खुशाल कटरे व सुनील गौतम के मार्गदर्शन में सर्वसम्मति से प्रदेश महिला कार्यकारिणी का गठन हुआ। बैठक में मुख्य उद्देश्य बच्चों और युवाओं के विकास के लिए, आजीविका और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए दिसंबर में करियर काउंसिलिंग व गाइडेंस वर्कशॉप आयोजित करने का प्रस्ताव रखा गया। इसके साथ महिलाओं की ज्वलंत समस्याओं और उनके उत्थान के लिए विशेष कार्ययोजना व जिला स्तर पर विकास के लिए समान कार्यकारिणी गठन की योजना बनाई गई। अध्यक्ष डॉ. प्रीति बिसेन ने कहा, हर नई शुरुआत उन्नति, शिक्षण और प्रखरता का अनमोल अवसर है।

# संजय श्रीवास्तव बोले- कांग्रेस ने बार बार संविधान की धज्जियां उड़ाईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, आज जो कांग्रेसी संविधान बचाने के नाम पर देशभर में शोर मचाते घूम रहे हैं, उनके राजनीतिक चरित्र का सच यह है कि उन्होंने संविधान को हर मौकों पर ताक पर रखा और महज राजनीतिक विरोध के कारण भाजपा और दीगर गैर-कांग्रेसी सरकारों को मनमाने ढंग से बर्खास्त करने में कोई हिचक नहीं दिखाई।

एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, आज जिस निर्लज्जता के साथ कांग्रेस संविधान और लोकतंत्र की दुहाई दे रही है, उस कांग्रेस ने एक तो संवैधानिक ढांचे को तहस-नहस करते हुए साम्प्रदायिक तुष्टीकरण की सबसे गंदी मिसाल पेश की, दूसरे लोकतांत्रिक ढंग से चुनी गई उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश की भाजपा की चार राज्य सरकारों को रातों-रात बर्खास्त करके लोकतंत्र की खुले आम हत्या तक की थी जिसे बाद में जबलपुर हाई कोर्ट ने अवैध ठहराया था। हालांकि निर्णय आते तक विधानसभा का कार्यकाल भी समाप्त हो गया था। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि इससे भी अधिक शर्मनाक तो यह है कि बाबरी ढांचा ढहने के अगले दिन 7 दिसबंर 1992 को तत्कालीन प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हाराव ने संसद में कहा था कि मस्जिद को गिराना बर्बर कार्य था, हमारी सरकार इसका पुनर्निर्माण करवाएगी। यह संविधान की भावनाओं के एकदम विपरीत था। श्री श्रीवास्तव ने कहा, कांग्रेस ने श्रीराम जन्मभूमि स्थल पर मस्जिद बनाने का वादा किया हुआ है। आज ही के दिन अयोध्या में विवादास्पद ढांचा ढहने के बाद कांग्रेस ने बिना कारण उत्तर प्रदेश के अलावा तीन अन्य भाजपा सरकारों को बर्खास्त कर संविधान का गैर-विवादास्पद ढांचा ढहा दिया था ।






### व्यवसाय के लिए दिया जाने वाला लोन

# बैंकों में पीएम स्वनिधि योजना के तहत बहुत कम लोगों को मिल रहा लोन, कलेक्टर ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत व्यवसाय करने एवं बढ़ाने के लिए दिए जाने वाला लोन लोगों को आसानी से मिल नहीं पा रहा है। यही कारण है कि जिले के बैंकों में आवेदनों की तुलना में बहुत कम लोगों के लोन को स्वीकृति दी गई है।

कलेक्टर गौरव सिंह ने शुक्रवार को रेडक्रास सभाकक्ष में डीएलसीसी की बैठक ली। इस बैठक में इस योजना से संबंधित लोन प्रकरणों की जानकारी बैंकों के प्रतिनिधियों ने रखी, जिसे सुनने के बाद कलेक्टर ने इस पर नाराजगी भी जताई।



**योजना का लाभ देने ज्यादा से ज्यादा लोगों के लोन स्वीकृत करें**

बैठक में सभी बैंकों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कलेक्टर ने बैठक में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत दिए गए ऋण की जानकारी बैंकों के प्रतिनिधियों से मांगी। सभी बैंक प्रतिनिधियों ने अपने-अपने बैंक से इस योजना के तहत लोन लेने के लिए आए आवेदनों तथा परीक्षण के बाद लोन देने के आंकड़ों से कलेक्टर को अवगत कराया। इन आंकड़ों के अनुसार बैंकों में आए आवेदनों की तुलना में बहुत कम लोगों को लोन दिए गए हैं। इन आंकड़ों को देखकर कलेक्टर ने नाराजगी जताई और निर्देश दिए हैं कि इस योजना का ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ मिलना चाहिए। इसके लिए आवेदनों का गंभीरता से परीक्षण करें, ताकि लोगों को इस योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने विशेषकर महिला समूहों को लोन प्रदान करते समय प्रक्रियाओं को सरल करने के लिए कहा, ताकि योजना का उन्हें लाभ मिल सके।

**स्लम बस्तियों व उसके आसपास लगाए जाएंगे कैमरे**

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि स्लम बस्तियों और उसके आसपास के क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसके लिए बैंकों के सीसीएसआर मद का इस्तेमाल करने में सहयोग किया जाए। उन्होंने, बैंकों को डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देते हुए रायपुर को डिजिटल जिला बनाने के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप उपस्थित रहे।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### हरित कुंभ : एक थाली एक थैला अभियान

**रायपुर।** पर्यावरण संरक्षण गतिविधि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आगामी 13 जनवरी 2025 से प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के लिए प्लास्टिक और डिस्पोजल के प्रयोग को पूर्ण रूप से बंद कर हरित कुंभ के प्रतीक के रूप में मनाए जाने के लिए प्रत्येक घर से एक थाली एक थैला संकलन का अभियान देशभर में चलाया गया है। इस तारतम्य में 6 दिसंबर शुक्रवार को कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज द्वारा आशीर्वाद भवन में थाली और थैला भेंट करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया, जिसमें पं. धीरेंद्र मिश्रा एवं प्राची मिश्रा उपस्थित हुए। पूरे छत्तीसगढ़ से 50 हजार से अधिक थाली और थैला संकलित कर भेजने का लक्ष्य रखा गया है। कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज की ओर से सचिव पं. सुरेश मिश्र, उपाध्यक्ष पं. राघवेंद्र मिश्रा एवं कार्यकारिणी सदस्य पं. अजय अवस्थी, संस्था के अध्यक्ष पं. चंद्रप्रकाश व्यास आदि ने भी अपना उद्बोधन दिया। संचालन सहसचिव पं. रज्जन अग्निहोत्री ने किया। इस अवसर पर कार्यकारिणी सदस्य पं. शशिकांत मिश्र, पुष्टिकर ब्राह्मण समाज से पं. जयकिशन जोशी, पं. धर्मेंद्र ओझा, पं. विजयशंकर व्यास एवं पं. अशोक पुरोहित, वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन के अध्यक्ष पं. अरविंद ओझा आदि उपस्थित रहे।

### पीडीएस के बारदाना में बेचने लाया गया 330 कट्टा धान जब्त

**बसना।** धान उपार्जन केंद्र कुरचुंडी में सेल्समैन लक्ष्मी प्रसाद यादव के द्वारा 330 कट्टा धान को पीडीएस बारदाना में भरकर बेचने लाया गया था। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के निर्देश पर नायब तहसीलदार प्रकृति सिंह, राजस्व निरीक्षक बसना, पटवारी ने कुरचुंडी धान खरीदी केंद्र पहुंच कर धान का निरीक्षण करते हुए धान को तौला गया जिसमें प्रति बोरी 41 किलो वजन एवं धान में 21.6% नमी और पीडीएस बारदाना जिसमें 2022-23 और 2023-24 अंकित पाया गया। खरीदी प्रभारी एवं किसानों की उपस्थिति में पंचनामा बनाकर 330 कट्टा धान को जब्त कर धान खरीदी केंद्र प्रभारी क्षमानिधि साव के सुपुर्द में रखा गया है। बता दें कि एसडीएम के निर्देशानुसार मंडी उप निरीक्षक खुलुराम यादव के द्वारा धान खरीदी केंद्र कुरचुंडी पहुंच कर लक्ष्मी प्रसाद का बयान लिया गया। लक्ष्मी प्रसाद यादव सेल्समैन ने अपने बयान में बताया कि सोसायटी का बारदाना को जमा कर चुका हूं। यह पीडीएस बारदाना को बंसुला के बिहारी दुकान से खरीद कर लाया हूं और धान मेरे खेत का है जिसे मैं तौलकर बेचने लाया हूं। अब सवाल यहां पर खड़ा होता है कि पीडीएस का उक्त बारदाना बंसुला के दुकानदार के पास कहां से आया यह गंभीर जांच का विषय है।

### कंटेनर के पलटने से आवागमन रहा बाधित

**बागबाहरा।** शहर के वार्ड क्रमांक 11 डबरा पारा स्थित अंडर ब्रिज के पास एक कंटेनर के पलट जाने से आवागमन प्रभावित रहा। कंटेनर के पलट जाने से किसी के हताहत तथा जानमाल का तो नुकसान नहीं हुआ। लेकिन, आवागमन प्रभावित रहा। मिली जानकारी के अनुसार दोपहर 3 बजे कंटेनर 04 क्यूए 5938 खुर्सीपार पर भिलाई से बागबाहरा कृषि उपज मंडी में बारदाना खाली करने हेतु आया था। रास्ता भटक जाने के कारण कंटेनर बागबाहरा डबरा पारा स्थित अंडरब्रिज के पास रेलवे द्वारा ओवर हाइट के लिए लगाए गए पट्टी से जा टकराया। इसके बाद कंटेनर बाजू में स्थित एक ठेले से टकराकर बीच मार्ग में गिर गया प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ड्राइवर द्वारा कंटेनर को छोड़कर गाड़ी भागते हुए जा रहा था, जिसे स्थानीय लोगों द्वारा पकड़ कर पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद पुलिस ने क्रेन के माध्यम से कंटेनर को हटाकर मार्ग को दुरुस्त किया। बताया गया कि ड्राइवर नशे की हालत में मार्ग में स्थित कई केबल वायर तोड़ते हुए गाड़ी को तेज गति से चलाता हुआ आ रहा था।

# वार्ड बॉय के हाथों में आएगा मरीजों का स्ट्रेचर, आउटसोर्सिंग से बढ़ाए जाएंगे 70 कर्मचारी

**आंबेडकर अस्पताल की सफाई व्यवस्था भी होगी दुरुस्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आंबेडकर अस्पताल में आने वाले मरीजों के अटेंडरों को स्ट्रेचर खींचने अथवा व्हील चेयर धकेलने की परेशानी से मुक्ति मिल जाएगी। इसके साथ ही वहां सफाई और सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए 70 कर्मचारियों की आउटसोर्सिंग की जाएगी। अस्पताल में इन कर्मचारियों की भर्ती की योजना है, जिसे शासन से हरी झंडी का इंतजार है।

आपात स्थिति में बीमार अथवा घायल शख्स को लेकर इलाज के लिए आंबेडकर अस्पताल आने वाले अटेंडरों की तकलीफ अक्सर दोगुनी हो जाती है। वार्ड बॉय के अभाव में उन्हें मरीजों का स्ट्रेचर खींचना अथवा व्हील चेयर धकेलना पड़ता है। मरीजों के अटेंडरों को होने वाली इस दिक्कत की अस्पताल प्रबंधन ने सुध ली है। अस्पताल में वार्ड बॉय, आया, स्वीपर के नियमित और संविदा कर्मचारियों की संख्या कम होने की वजह से काम आउटसोर्सिंग के माध्यम से पूरा किया जाता है। इसी तरह सुरक्षा की जिम्मेदारी भी निजी कंपनी के पास है। इन कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया अभी शासन स्तर पर लंबित है। इसे ध्यान में रखते हुए स्थायी इंतजाम होने तक इन कार्यों के आउटसोर्सिंग के माध्यम से 70 कर्मचारी बढ़ाने की तैयारी है।

#### जिसका काम वही करेंगे

सूत्रों के अनुसार आउटसोर्सिंग के कर्मचारियों की संख्या बढ़ाए जाने के बाद काम को लेकर भी सिस्टम बनाया जाएगा। यानी जिसके जिम्मे जो काम आएगा, उसे वही ड्यूटी करनी होगा। वार्ड बॉय मरीजों की देखभाल, स्ट्रेचर खींचने तथा मलहम पट्टी का काम करेंगे। सफाई कर्मचारियों को केवल सफाई व्यवस्था पर ध्यान देना होगा और सुरक्षा में लगाए जाने वाले कर्मचारी सुरक्षा की जिम्मेदारी पूरी करेंगे।



#### कार्रवाई होगी

आवश्यकता को देखते हुए आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जाएगी। इसके बाद जिसकी जो जिम्मेदारी है, उसे पूरी करनी होगी। इसके बाद अगर व्यवस्था बिगड़ती है, तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाएगी।

- **डॉ. संतोष सोनकर,** चिकित्सा अधीक्षक, आंबेडकर अस्पताल

# रेलवे स्टेशन व शदाणी दरबार को जोड़ने 32 करोड़ का प्रोजेक्ट, अभी मुआवजा तय नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत माता चौक और रेलवे स्टेशन से शदाणी दरबार तक लोगों की आवाजाही को सुगम करने के लिए तैयार किए गए प्रोजेक्ट को शुरू करने में अभी समय लगने वाला है। मई 2024 में बनाई गई कार्ययोजना भी सर्वे, सीमांकन का हिस्सा बनी हुई है। इसके कारण बरसात के बाद शुरू होने वाले प्रोजेक्ट को शुरू करने में भी विलंब होने वाला है। ऐसा इसलिए हो रहा है, क्योंकि लोक निर्माण विभाग द्वारा किए गए सर्वे के बाद प्रभावित होने वाले करीब सौ जमीन मालिकों का मुआवजा तय नहीं है।

- राजस्व व पीडब्ल्यूडी ने किया सर्वे, सौ से ज्यादा प्रभावितों की नहीं बनी रिपोर्ट



शहर की सड़कों का जहां समय-समय पर चौड़ीकरण किया जा रहा है, वहीं गुढ़ियारी क्षेत्र की बसाहट घनी होने के बाद भी क्षेत्र की कनेक्टिविटी को बेहतर के लिए काम नहीं हुआ है। इससे रोज तीन लाख से भी ज्यादा लोगों को 5 किलोमीटर घूमना पड़ता है। इनमें टाटीबंध से गुढ़ियारी होते हुए रेलवे स्टेशन आने-जाने वाले यात्री भी शामिल हैं। इसे देखते हुए रुट डायवर्ट करने के लिए लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदारों ने सर्वे और प्रोजेक्ट को शुरु करने के लिए प्रक्रिया शुरु की है। विभागिय सूत्रों ने बताया कि फ्लाईओवर नुमा सड़क बनाने के लिए जमीन का सर्वे करने के साथ ही इसमें प्रभावित होने वाले लोगों का भी चिन्हांकन किया है। इसे पूरा करके प्रभावितों को मुआवजा देने के लिए अलग से बजट का भी प्रावधान किया जाएगा। अभी केवल डायवर्ट रुट के लिए 32 करोड़ की स्वीकृति मिली है।

#### मुआवजा तय नहीं

बनाए गए प्रोजेक्ट को शुरू करने से पहले राजस्व विभाग और पीडब्ल्यूडी ने संयुक्त रूप से सर्वे किया है। इसमें प्रभावित होने वाले लोगों की रिपोर्ट राजस्व से मिलने के बाद मुआवजा राशि की मांग करेंगे। बची हुई प्रक्रिया को जल्द पूरा करने के लिए मीटिंग लेकर निर्देशित किया है।

- **राजेश मूणत,** विधायक, पश्चिम विधान सभा, रायपुर

#### प्रोजेक्ट शुरू करने में होगा विलंब

*सूत्रों ने बताया कि शुक्रवारी बाजार, पहाड़ी चौक से होते हुए रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 5 तक आने-जाने के लिए 2 किमी लंबी और 10 फीट चौड़ी बायपास सड़क बनाने के लिए 15 करोड़ की स्वीकृति मिली है। इस बीच कई लोगों के दुकान-मकान आने वाले हैं। ऐसे लोगों का मुआवजा तय करने के लिए राजस्व विभाग को जिम्मेदारी दी गई है। अभी तक मालिकाना हक जांचने के लिए दस्तावेजों की जांच चल रही है। राजस्व विभाग की रिपोर्ट के बाद शासन से मुआवजा राशि की मांग होगी। इससे प्रोजेक्ट को शुरू करने में अभी विलंब होना भी लगभग तय है।*

#### यहां भी तोड़ने होंगे-दुकान-मकान

शासन ने गुढ़ियारी के लोगों की कनेक्टिविटी फाफाडीह तक बढ़ाने के लिए ढाई किलोमीटर लंबी बायपास सड़क बनाने के लिए प्रोजेक्ट तैयार किया है। इसका निर्माण होने से लोगों को रोज 5 किलोमीटर अतिरिक्त रास्ता भी तय नहीं करना पड़ेगा। ढाई किमी लंबी सड़क निर्माण के बीच भी लोगों के दुकान-मकान प्रभावित होंगे। अभी इनका भी मुआवजा तय नहीं है। इसके चलते गुढ़ियारी से फाफाडीह अंडरब्रिज पहुंच मार्ग को कनेक्ट करने 17 करोड़ रुपए की स्वीकृति के बाद भी सुविधा के लिए इंतजार करना होगा। पीडब्ल्यूडी को जमीन देने में भी समय लगेगा।

# 70 लीटर देशी शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के गंज स्थित शराब दुकान और अहाता के पास अवैध रूप से शराब बेचने वाले एक कोचिए को आबकारी विभाग ने पकड़ा है। आरोपी पिछले कई दिनों से शराब दुकान और अहाता बंद होने के बाद यहां सक्रिय होकर अवैध रूप से शराब बेचा करता था। इसकी शिकायत मिलते ही विभागीय टीम ने दबिश देकर उसे रंगे हाथ पकड़ा है। टीम ने उसके कब्जे से 70 लीटर देशी शराब बरामद की है।

जिला सहायक आबकारी अधिकारी वैभव मित्तल के नेतृत्व में टीम शुक्रवार को सुबह 8 बजे गंज शराब दुकान-अहाता पहुंची। यहां एक व्यक्ति घूम-घूमकर अवैध रूप से शराब बेच रहा था। टीम ने उसके कब्जे से 390 पाव देशी मसाला शराब बरामद की है। आरोपी का



नाम अमन सोनी है। पूछताछ करने पर उसने टीम को बताया कि वह दुकान-अहाता बंद होने के बाद और सुबह खुलने से पहले वहां घूम-घूम कर शराब बेचता था। अमन ने यह भी बताया कि वह कई शराब दुकानों में जाकर शराब खरीदकर लाता है और फिर उसे महंगे दाम पर बेचा करता है। विभाग ने आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2), 59(क) के तहत कोर्ट में पेश कर जेल भेजने की कार्रवाई की है।

## नशा मुक्ति दिवस पर निकाली रैली...



**खरोरा।** नशा मुक्ति दिवस पर सेंचुरी सीमेंट स्कूल बैकुंठ की एनसीसी इकाई 27 सीजी बटालियन रायपुर ने पास के गांव कुंदरु में एक रैली निकाल कर जन जागृति अभियान चलाया तथा लोगों को नशा नरक का द्वार जैसे नारा लगाकर जागरूक करने की पहल की। एनसीसी अधिकारी अवधेश पांडेय ने चिंता चिता का द्वार नशा, अपराधो की जड़ है नशा। तंबाखू, सिगरेट, शराब, जीवन को करते है खराब। जैसे नारों से लोगों तक संदेश पहुंचाने का प्रयास किया। प्राचार्य जीपी शर्मा ने झंडी दिखाकर रैली को प्रारंभ किया।

## आज वलसाड एक्सप्रेस 4 घंटे 50 मिनट रहेगी लेट, रक्सौल, सूरत-पटना स्पेशल का बदला मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पटरियों के विस्तार का कार्य देशभर में जारी है। रेलवे प्रशासन अधोसंरचना विकास के कार्यों को शीघ्र पूरा करने का प्रयास कर रहा है। इसी संदर्भ में दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची रेल मंडल व ईस्ट कोस्ट रेलवे के खुर्दा रेल मंडल में ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक लिया जाएगा। रांची रेल मंडल में यह कार्य 12 से 26 दिसंबर तक किया जाएगा। ईस्ट कोस्ट रेलवे के खुर्दा रेल मंडल में दिनांक 7



से 8 दिसंबर तक किया जाएगा। इसके कारण रेलवे ने तीन ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन किया है, जिसमें 18 दिसंबर को गाड़ी संख्या 07255 हैदराबाद-पटना स्पेशल परिवर्तन मार्ग राउरकेला-सिनी-चांडिल-मूरी-कोटशिला होकर चलेगी। 21 दिसंबर को गाड़ी संख्या 13425 मालदा-सूरत एक्सप्रेस परिवर्तन मार्ग राउरकेला-सिनी-चांडिल-मूरी-कोटशिला होकर चलेगी। 17 दिसंबर को गाड़ी संख्या 07052 रक्सौल-सिकंदराबाद एक्सप्रेस परिवर्तन मार्ग राउरकेला-सिनी-चांडिल-मूरी-कोटशिला होकर चलेगी। 8 दिसंबर को गाड़ी संख्या 22910 पुरी-वलसाड एक्सप्रेस पुरी से 4 घंटे 50 मिनट देर से रवाना होगी।

### राम-जानकी मंदिर में विवाहोत्सव, मंगल गीत

**रायपुर।** गोपीदास श्रीराम-जानकी मंदिर में अगहन सुदी की पंचमी पर विवाहोत्सव भागवताचार्य राजीव नयन शरण महाराज के मार्गदर्शन में धूमधाम से हुआ। पांच दिनों से मंदिर परिसर में विभिन्न मांगलिक रस्मों को आचार्यों द्वारा संपादित कराया जा रहा है। सुबह मंदिर परिसर में दूल्हा सरकार श्रीराम का चारों भाइयों के साथ भव्य श्रृंगार कर हल्दी रस्म एवं मंडपोच्छादन किया गया। इस दौरान यहां मौजूद महिलाओं ने मंगल गीत गाकर कार्यक्रम को उल्लास से भर दिया। मैथिल समाज की महिलाओं के गायन ने उपस्थितजनों को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर भागवताचार्य शरण महाराज ने कहा, श्री रामचरित मानस में संतप्रवर तुलसीदासजी द्वारा श्रीसीताराम विवाहोत्सव मनाने तथा इसकी कथा श्रवण करने से मनुष्यों के चतुर्दिक लाभ होने के संबंध में बताया गया है। मध्यान्ह भोजन पश्चात दोपहर में सीता रसोई का कार्यक्रम हुआ, जहां दो हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान पं. वासुदेव त्रिपाठी, आचार्य गिरिजाशरण द्विवेदी, पं. मंगल दुबे, पं. चंदनशरण महाराज, समेत कायस्थ पारा, अग्रवाल पारा, ठाकुर पारा, गोपियापारा के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# जेल में बंद अमन को दो माह बाद भी पुलिस कोर्ट में पेश नहीं कर पाई, अब होगी झारखंड वापसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेलीबांधा शूट आउट मामले में दो माह से रायपुर सेंट्रल जेल में बंद गैंगस्टर अमन साव को झारखंड, रांची सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया जाएगा। अमन के रांची जेल शिफ्ट होने की वजह पुलिस की नाकामी है। बचाव पक्ष के वकील अमित बैनर्जी के मुताबिक अमन को रायपुर पुलिस जब से प्रोटक्शन वारंट में झारखंड से रायपुर लाई है, तब से उसे एक बार भी कोर्ट में पेश नहीं किया गया। एनआईए

- पुलिस नाकामी का फायदा उठाते हुए बचाव पक्ष के वकील ने रांची एनआईए कोर्ट में याचिका दायर की थी


गैंगस्टर अमन साहू और उसके गुर्गों के खिलाफ प्रोटक्शन वारंट

मलेशिया से मारने का आदेश, बाइक राइडर बनकर शूटर पहुंचे थे रायपुर, उगाही के लिए था पूरा खेल

जेल प्रशासन वर्चुअल पूछताछ करना चाहता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में तीन माह पूर्व फिरौती के लिए कारोबारी की कार में शूट आउट के मास्टर माइंड तथा झारखंड के गैंगस्टर अमन साहू तथा उसके दो अन्य गुर्गे विक्रम सिंह तथा आकाश राय उर्फ मोनू के खिलाफ कोर्ट ने प्रोटक्शन वारंट जारी किया है। अमन

कोर्ट ने अमन को 12 दिसंबर को कोर्ट में पेश करने आदेश दिया है। बचाव पक्ष के वकील के मुताबिक स्थानीय पुलिस अमन साव को कोर्ट में पेश नहीं कर रही थी। इस वजह से अमन की जमानत के लिए कोर्ट में आवेदन नहीं लगा पा रहे थे। इसकी जानकारी मिलने पर बचाव पक्ष के वकील ने रांची एनआईए कोर्ट में याचिका दायर की। एनआईए कोर्ट ने अमन के रायपुर में ट्रायल चलने की बात कही। इस पर बचाव पक्ष के वकील ने कोर्ट को बताया कि रायपुर पुलिस जब से अमन को प्रोटक्शन वारंट में रायपुर लेकर गई है, उनका वहां अब तक ट्रायल शुरू नहीं हुआ है। इसके बाद एनआईए कोर्ट ने अमन को झारखंड लाने के आदेश दिए।

#### एनआईए कोर्ट में अमन की चल रही सुनवाई

गौरतलब है कि अमन साव के खिलाफ झारखंड में एनआईए ने अपराध दर्ज किया है। अमन की रांची कोर्ट में रेगुलर सुनवाई चल रही थी। इस दौरान पुलिस ने तेलीबांधा शूट आउट मामले में अमन को आरोपी बनाया। आरोपी बनाए जाने के बाद पुलिस अमन का प्रोटक्शन वारंट हासिल कर रांची जेल से रायपुर जेल लेकर आई।

## पेज 11 के शेष

### विवाह पंचमी महोत्सव...

कि इसी दिन भगवान राम का माता सीता के साथ विवाह हुआ था। इस दिन भगवान का दर्शन करने और विवाह सम्पन्न कराने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है, उनका जीवन भी मंगलमय बनता है। इसी कामना के साथ सुबह भगवान का पंचामृत से अभिषेक कर पूजन किया गया, इसके बाद कपूर आरती की गई। देर शाम भजन संध्या हुई, भजन संध्या के बाद आरती हुई और प्रसाद का वितरण किया गया।

### क्षेत्र में विकास...

रुपयों के विभिन्न विकास कार्यों का दोनों ब्लॉक के गांवों में भूमि पूजन किए है। इस अवसर पर वे ग्रामीणों को भी लगातार संबोधित कर रहे हैं और अपने 1 वर्ष के कार्यकाल के पूरा होने पर क्षेत्र की जनता के प्रति आभार जताया है।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता उनके लिए भगवान स्वरूप है और भगवान स्वरूप जनता ने अपना आशीर्वाद मुझे जो एक वर्ष पूर्व दिया था, उस आशीर्वाद के चलते ही आज अपनी जनता के वादों और उनकी मांगों को पूरा करने पूरा प्रयासरत हूं और मैं सभी को विश्वास दिलाता हूं कि आपके गांव के विकास और आपकी मांग को हर हालत में पूरा किया जाएगा। गांव की सड़कें हो या पीने के पानी की बात हो इस ज्वलंत समस्या का निदान प्राथमिकता के साथ होगा।



**खबर संक्षेप**



## आत्मानंद स्कूल में योग एवं ज्ञान कार्यशाला

**महासमुंद।** स्वामी आत्मानंद शा. हिंदी माध्यम विद्यालय नयापारा महासमुंद में शनिवार को साप्ताहिक गतिविधि के अंतर्गत योग एवं ज्ञान कार्यशाला का आयोजन, संस्था के प्रभारी प्राचार्य केआर सागर के नेतृत्व में आयुष योगा वेलनेस सेंटर महासमुंद के योग चिकित्सक डॉ. बबीता भगत को आमंत्रित किया गया।

## खरीदी केंद्रों के लिए कांग्रेस ने गठित की निगरानी समिति

**महासमुंद।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने महासमुंद विधान सभा तथा सरायपाली विधान सभा के प्रत्येक धान खरीदी केंद्रों के लिए निगरानी समिति का गठन किया है। समिति के सदस्य किसी भी प्रकार की समस्या का निराकरण करने में किसानों की मदद करेंगे। पिटियाझर सोसाइटी खिलावन बघेल, प्रहलाद ध्रुव, गुरमीत सिंग चावला, बरोंडाबाजार सचिन गायकवाड़, लीलू साहू, बम्हनी राजू साहू, लक्ष्मण रात्रे, खट्टी हुलास गिरी गोस्वामी, कोसरंगी जीवन यादव, परसदा शेखर चंद्राकर, झालखम्हरिया मोती साहू, परमेश्वर साहू, शेर डॉ. परमानंद साहू, कोमल दीवान, बेलसोंडा कुणाल चंद्राकर, जय मालेकर, तुमगांव कपिल साहू, नजरुद्दीन भाटी, मालीडीह रविंद्र चंद्राकर, दीपक साहू सहित 73 खरीदी केंद्रों के लिए निगरानी समिति गठित की गई है।

## पीएम के मार्गदर्शन में जारी रहेगी महाराष्ट्र की विकास यात्राः तुषार



**महासमुंद।** महाराष्ट्र में महायुति सरकार का शपथग्रहण समारोह बड़ी धूमधाम से सम्पन्न हुआ। दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में आयोजित इस समारोह में भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके साथ एकनाथ शिंदे और अजीत पवार ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। महायुति सरकार का शपथ ग्रहण पर छत्तीसगढ़ भाजपा सक्रिय सदस्य व किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और आप सभी के दूरदर्शी नेतृत्व में महाराष्ट्र के विकास की यात्रा अनवरत जारी रहेगी।

## हरिहर ध्रुव की पुण्यतिथि पर खट्टा में आज कार्यक्रम

**पटेवा।** सुप्रसिद्ध चिकित्सक एवं समाजवादी नेता व गरीबों के मसीहा के नाम से जाने वाले स्व डॉ हरिहर सिह ध्रुव की 55 वीं पुण्यतिथि उनके गृह ग्राम खट्टा में 8 दिसंबर को मनाई जायेगी। समस्त ग्रामवासी समाजवादी ग्राम खट्टा के सहयोग से क्षेत्र के इसी दिन प्रातःसर्वधर्म प्रभात फेरी दोपहर श्रद्धाजंलि सभा डॉ साहब के विचारों पर चर्चा, मड़ई मेला व रात्रि में छतीसगढ़ी लोक कलामंच लोकधारा रायपुर की प्रस्तुति होगी। ज्ञात हो कि डॉ साहब की 1968 में सांसद दिल्ली मधु लिमये की आमसभा में महासमुंद पहुंच रहे थे। तभी तुमगांव में सड़क दुर्घटना में डॉ साहब की मृत्यु हो गई, तब आमसभा भी स्थगित हो गई।

## बबीता को मिला बेस्ट स्पोर्ट्स टीचर का अवार्ड

महासमुंद। आमासिवनी निवासी शिक्षिका बबीता साहू को एबीसी पब्लिक स्कूल सरगांव से बेस्ट स्पोर्ट टीचर को अवार्ड ट्रॉफी को सीईओ सर व डायरेक्टर मैडम ने सम्मानित किया, शिक्षक को उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और शिक्षा के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया गया, यह पुरस्कार शिक्षिका बबीता साहू को सम्मानित करने के लिए दिया, जिन्होंने अपनी प्रतिबद्धता और लगन से न केवल स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया है ।

# खेल सामाजिक एकता और सद्भावना का है प्रतीक : शिवरतन शर्मा

### क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन में शामिल हुए पूर्व विधायक, खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

जिंदगी और क्रिकेट मैच दोनों में कम से कम एक बात सामान्य होती है। यह दोनों ही रोमांच से भरपूर रहते हैं। बाजी कभी भी पलट सकती है। बस हमको नई ऊर्जा के साथ लगातार संघर्ष करते रहना है। उक्त बातें भाजपा उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने ग्राम गुडाघाट में चल रहे जय महामाया क्रिकेट क्लब के समापन समारोह में कही।

क्रिकेट के समापन समारोह को संबोधित करते हुए शिवरतन शर्मा ने कहा कि खेल सामाजिक एकता और सद्भावना को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते ही हैं बेहतर स्वास्थ्य के लिए भी यह जीवन की आवश्यकता है। खेल अनुशासन सीखता है और अनुशासित व्यक्ति को जिंदगी में हार, दुख, परेशानियां नहीं डरा सकती, वह हर स्थिति का डट कर मुकाबला करने के लिए तैयार रहता है। इसलिए सभी को खेलना भी चाहिए और खेलों से सीख भी लेनी चाहिए।

समापन समारोह में मथुरा यदु, राकेश वर्मा, मालिक राम साहू, बृजेश निषाद, रोहित साहू, नकुल निषाद, राजेश कुमार, राम निषाद, प्रकाश पाल, दुजराम निषाद, सेवक निषाद, टेकन ध्रुव, चंद्रप्रकाश वर्मा, ईशवर निषाद, भगवती निषाद, टिकराम निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।



**विनर टीम को मिले 21 हजार**

उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा ने विनर टीम ग्राम गुडाघाट को 21 हजार रुपए एवं उप विजेता टीम ग्राम मोपकी को 10 हजार और सेकंड रनर अप टीम ग्राम लेवई को 5 हजार रुपए व ट्राफी प्रदान की और उत्कृष्ट खिलाडियों को सम्मानित किया। शिवरतन शर्मा ने सभी खिलाडियों एवं आयोजकों को टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

### हर पात्र हितग्राही सरकारी योजनाओं से हो रहे लाभान्वित

# ढाबाडीह व सिद्धबाबा में लाखों के विकास कार्यों का शिवरतन ने किया लोकार्पण-भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

विकासखण्ड के ग्राम ढ़ाबाडीह एवं सिद्धबाबा में लाखों के विकास कार्यों का लोकार्पण- भूमिपूजन उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने किया। ढाबाडीह में लोकार्पण-नवनिर्मित सुघ्घर हटरी, रंगमंच, प्राथमिक शाला स्कूल सौंदर्यीकरण, पेवर ब्लॉक, भूमिपूजन- सीसी रोड निर्माण कार्य शामिल हैं। इसी तरह सिद्धबाबा में लोकार्पण- सामुदायिक भवन, सुघ्घर हटरी, प्राथमिक शाला, स्कूल सौंदर्यीकरण, प्योर ब्लाक, भूमिपूजन- सामुदायिक भवन निर्माण कार्य कार्यक्रम संपन्न हुआ।

उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए शिवरतन शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में डबल इंजन की भाजपा सरकार में छत्तीसगढ़ का सर्वांगीण विकास हो रहा है। सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के संकल्प और सबका साथ, सबका विकास के उद्देश्य को पूरा करते हुए आज छत्तीसगढ़ विकास के नए पथ पर अग्रसर हो रहा है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में प्रदेश के कोने-कोने तक विकास पहुंचे, हर पात्र हितग्राही को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले, इसमें हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे और अटलजी के विकसित छत्तीसगढ़ के सपने को हम साकार करेंगे। इस अवसर पर दोनों पंचायतों के सरपंच, पंच, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।



## शहर में बढ़ते अपराध को रोकने कांग्रेस ने पुलिस प्रशासन को सौंपा ज्ञापन



**भाटापारा ।** कांग्रेस सचिव राजा तिवारी ने पुलिस अधीक्षक के नाम एसडीओपी को ज्ञापन सौंपा

भाटापारा। शहर में बढ़ते अपराध व असामिजक तत्वों के द्वारा रात के अंधेले में शहर में भयनुमा वातावरण उत्पन्न करने वालों पर निगरानी कर कार्रवाई करने के साथ ही पूर्व के भाती अति संवेदनशील वार्ड मुंसी स्माइल वार्ड, शांतिनगर, दिन दयाल उपाध्याय वार्ड मेहतानगर, दाऊ कृष्ण कुमार वार्ड, मंडी रोड न्यागंज वार्ड हाथनीपारा, नयापारा फवार चौक में गस्ती पेट्रोलिंग बढ़ाने व सरकारी अस्पताल आदिल अस्पताल के मध्य फवारा चौक जहां आपातकालीन सुविधा हेतु हॉस्पिटल है, वहां के साथ-साथ बिजली ऑफिस चौक, बस स्टैंड, सदर बाजार, बाबूलाल अंडर ब्रिज चौक, पटपर चौक में पुलिस बन तैनाती करने के साथ ही भाटापारा कर आबादी क़ो देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल की नियुक्ति करने ताकि क़ानून व्यवस्था दुरुस्त रहे औऱ भाटापारा पूर्व के भाती शांत प्रिय शहर के नाम से जाना जाये। इसलिये ज्ञापन सौंपा व मांग पूरी नहीं होने पर शहर थाना के समक्ष आंदोलन करने की बात कही। इसमें अनुविभागीय अधिकारी पुलिस क़ो ज्ञापन सौंपा, जिसमे मुख्य रूप से युवका अध्यक्ष मोहन निषाद, ग्रामीण उपाध्यक्ष कौशल साहू, छात्र नेता हरीश लहरे मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## अग्निवीर के ग्राम कुम्हारी आगमन पर हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पवनी

ग्राम कुम्हारी के अग्निवीर राहुल कैवर्त शुक्रवार को 7 माह नासिक महाराष्ट्र में ट्रेनिंग करने के पश्चात गृह ग्राम कुम्हारी पहुंचा। इस दौरान परिवारजनों सहित दोस्तों ने अग्निवीर जवान का पुष्पमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया। राहुल पिता छतराम कैवर्त का चयन इसी वर्ष 25 अप्रैल को रायपुर में रैली के दौरान हुआ था। इसके बाद राहुल कैवर्त ट्रेनिंग के लिए निकल गए थे। राहुल कैवर्त ने बताया कि 2 वर्ष की कड़ी मेहनत एवं माता-पिता के आशीर्वाद व गुरुजनों के मार्गदर्शन से आज इस मुकाम पर पहुंचा हूं। इस दौरान मुख्यरूप से राहुल के मित्रगण सुमित साहू, सुनील यादव, संजय कैवर्त, तुषार पटेल, देव पटेल, दीपक कैवर्त, कामेश पटेल, धनीराम कैवर्त, दीपक साहू, युवराज कैवर्त, अश्वनी प्रधान, कमलेश कैवर्त, पप्पू साहू, मुकेश, रामकुमार पटेल, सूरज पटेल, हर्ष कैवर्त, दिलीप पटेल उपस्थित थे।

## परख परीक्षा में 30 विद्यार्थी हुए शामिल

**सिमगा।** गत दिवस शासकीय आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला में कक्षा 6वीं के छात्रों का राष्ट्रीय सर्वेक्षण परख परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के 57 छात्रों में 30 विद्यार्थियों का रेंडमली चयन किया गया, जिसमें 14 छात्राएं 16 छात्रों को सम्मिलित किया गया। परख परीक्षा के सफल संचालन के लिए एफई के रूप में किरण वर्मा एवं ऑब्जर्वर के रूप में आशा साहू को नियुक्त किया गया था। कमरों में प्रकाश एवं पानी का उचित प्रबंध किया गया था। परख परीक्षा के निरीक्षण के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसके गेंदले, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी ढाल सिंह ठाकुर, संकुल प्राचार्य आशीष शर्मा, संकुल समन्वयक सत्यव्रत मिश्रा एवं लोकेश ध्रुव ने किया। परीक्षा के लिए टीका सोनकर, मनीषा पांडे, नज्मुनिशा शाह, श्रद्धा ताम्रकार, संगीता श्रीवास्तव, उत्तम जांगड़े उपस्थिति रहे।



## स्कूल में मनाया गया सशस्त्र सेना झंडा दिवस

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के ज्ञान गंगा विद्यालय में सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया गया जिसमें स्कूल विद्यार्थियों एवं शिक्षक लता चंद्राकर, हर्षा यादव, नीलम कोसरे, माधुरी पटेल, रुक्मणि सारथी, दीपा कुर्रे, वर्षा सारथी, विष्णु चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया कि सेना झंडा दिवस हर साल 7 दिसंबर को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य भारतीय सशस्त्र बलों के वीर जवानों के योगदान और उनके परिवारों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है।

## मनवा कुर्मी समाज की कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज तिल्दा राज की महिला अध्यक्ष रश्मि वर्मा ने अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए समाज की महिलाओं को अहम जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने पदाधिकारियों की नियुक्ति और कार्य विभाजन करते हुए समाज में महिलाओं की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया। रश्मि वर्मा ने कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से समाज में बढ़ती कुरीतियों पर अंकुश लगाया जा सकेगा। उन्होंने महिलाओं से समाज सुधार और सकारात्मक बदलाव के लिए एकजुट होकर कार्य करने की अपील की। इस अवसर पर केंद्रीय महिला अध्यक्ष सरिता बघेल संरक्षक अनुराधा वर्मा, नंदिनी खिचरिया, कुमुदिनी चंद्रवंशी, पुष्पा नायक समस्त केंद्रीय महिला कार्यकारिण एवं तिल्दा राज महिला उपाध्यक्ष मैन वर्मा सहित ठाकुर राम वर्मा राज प्रधान तिल्दा राज, महेश नायक मुख्य संरक्षक, कृष्ण कुमार वर्मा उप राज प्रधान, युवा अध्यक्ष दीपक वर्मा उपस्थित थे।



## स्कूल में हुआ भारतीय एकता भाषा उत्सव

**मुड़पार-सरसीवां।** पीएम प्राथमिक स्कूल एवं पूर्व माध्यमिक शाला अमोदी में भारतीय एकता भाषा उत्सव के तहत रोल प्ले दिवस के रूप में मनाया गया। इस उत्सव में शाला परिवार के बच्चे, शिक्षक एवं एसएमसी सदस्यों का भरपूर सहयोग मिला।




## राज्य स्तरीय प्राकृतिक अध्ययन के लिए स्काउट्स रवाना

**बगबुडा।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव राज्य उपाध्यक्ष विजय केसरवानी के आदेशानुसार राज्य स्तरीय स्काउटर गाइडर हाईक अमृतसर–मनाली के लिए जिला संघ बलौदाबाजार के स्काउटर रवाना हुए। जिला मुख्य आयुक्त डॉ. अजय राव जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन कमिश्नर स्काउट हिमांशु भारती, जिला आयुक्त गाइड वन्दना तिवारी, निवर्तमान अध्यक्ष रामधार पटेल, जिला उपाध्यक्ष पीयुष मिश्रा, नीरज बाजपेयी, नरेश केसरवानी, जिला संगठन आयुक्त सूरज कसार, जिला संघ सचिव जगदीश साहू ने यात्रा की शुभकामनाएं दी।



## रासेयो के छात्रों ने की साफ-सफाई

**पवनी।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पवनी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर मेरा युवा भारत के लिए युवा विषय पर ग्राम रमतला के प्राथमिक शाला प्रांगण में आयोजित है। कार्यक्रम अधिकारी द्वय एचआर कुर्रे एवं वीपी साहू के मार्गदर्शन में शिविरार्थियों द्वारा प्रतिदिन परियोजना कार्य के अंतर्गत प्रातः 8.15 से 12 बजे तक गली, तालाब, हैंडपम्प कुआं, विद्यालय परिसर, चबूतरा निर्माण सार्वजनिक स्थानों की साफ सफाई की जा रही है। बौद्धिक कार्यक्रम के तहत प्रतिदिन दोपहर 2.15 से4.15 तक स्त्रोत व्यक्ति द्वारा शिविरार्थियों को विभिन्न विषयों में जानकारी दी जा रही है।



### अतिथियों को प्रतीक चिन्ह एवं श्रीफल देकर किया सम्मानित

# सम्मेलन में कवियों ने खूब बटोरी तालियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पवनी

शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ के एनएसएस इकाई द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम देवरहा में 7 दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के समापन पर हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। कवि सम्मेलन में आमंत्रित कवियों में खरसिया से गीतकार मनमोहन सिंह ठाकुर, राष्ट्रीय कवित्री प्रियंका एवं जयंती द्वारा गीत गजल से लोगों को झूमने मजबूर कर दिया। वहीं खरसिया से आये पुरुषोत्तम गुप्ता द्वारा पैरोडिक गीत से लोगों को हंसाने गुदगुदाने का काम किया। लोग कवि सम्मेलन व एनएसएस द्वारा दी गई प्रस्तुति सांस्कृतिक कार्यक्रम व कवि सम्मेलन को सराहा गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में सरपंच परमेश्वर कैवर्त, उत्तम टंडन शिक्षक, प्रधान पाठिका प्राथमिक शाला देवरहा सुनीता सोनवानी, सहायक शिक्षिका एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी तुलेश्वर सिंह ध्रुव, पंकज साहू, सुनीता विक्रम कोशले, सहायक अध्यापक शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ का सहयोग रहा। साथ ही गांव के लोगों का योगदान रहा। कवि सम्मेलन में शिक्षाप्रद, प्रेरणादायी कविता एवं हास्य व्यंग्य गीत, गजल, समसामयिक घटनाओं पर आधारित कविताओं द्वारा कवियों ने समाज को संदेश देने का काम किया। कार्यक्रम में सभी साहित्यकारों व अतिथियों को प्रतीक चिन्ह एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया।




# डा. आम्बेडकर की पुण्यतिथि पर बसपा ने निकाली बाइक रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

बहुजन समाज पार्टी विधानसभा बिलाईगढ़ के तत्वावधान में संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के 68वां महापरि निर्माण दिवस पर श्याम टण्डन प्रदेशाध्यक्ष बसपा एवं संतोष देवांगन प्रदेश सचिव बसपा के नेतृत्व में बाइक रैली निकाली गई। इस दौरान डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इसमें भिनोदा, भिनोदी, गाड़ापाली, पीकरीपाली, मंधाईभाठा, मोहतरा, बालपुर, सरधाभाठा, मुड़पार, मन पसार, कोदवा, सरसीवां, टीहलीपाली, समता नगर, पंडरीपाली, ओड़काकन, जैतपुर, कोसमकुंडा, बलौदी, बछौरडीह, झुमका, भटगांव, इसी प्रकार पूरे क्षेत्र में बसपा के जिम्मेदार कार्यकर्ता एवं युवाओं ने उक्त रैली में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। बाइक रैली में दयाराम खुराना, जीव राज प्रकाश रात्रे, नारायण प्रसाद साहू, साधू दास मानिकपुरी, सत्येंद्र साहू, बंशी लाल रात्रे, दुलरवा खुटे, डगेश खटकर अधिवक्ता मुख्य रूप से शामिल हुए।